# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

वाराणसी में आज काशी–तमिल संगमम के तीसरे संस्करण की शुरूआत हो गयी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने आयोजन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आयोजन एक भारत–श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगमम दक्षिण भारत के लोगों को प्रयागराज में महाकुंभ स्नान और अयोध्या धाम में श्रीरामलला के दर्शन का अवसर भी दे रहा है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न मंत्रालयों और प्रदेश सरकार के सहयोग से हो रहे इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक पहल का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों को फिर से खोजना, पुष्टि करना और उनके लिये आनंदित होना है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में श्रद्धालुओं के स्नान का सिलसिला जारी है। अंतिम समाचार मिलने तक आज शाम चार बजे तक एक करोड़ आठ लाख श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने स्नान कर लिया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी आज महाकुंभ स्नान किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह भारत की आध्यात्मिक, संस्कृति और आस्था का महाकुंभ है।

***यहां पर संत ऋषियों की वाणी का अद्‌भुत संगम है। करोड़ों लोगों की श्रद्धा है और मां गंगा का किनारा है। जहां वर्षों तक महाकुंभ के प्रति हमारी आस्था रही है। विश्वास रहा है, भरोसा रहा है। और आत्मा और मन की शांति के साथ देश में समृद्धि आए, खुशहाली उन्नति आए, हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए ये महाकुंभ में हम प्रार्थना करते हैं।***

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने महाकुंभ स्नान के साथ ही प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती का दर्शन कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि अब तक पचास करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुम्भ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को लेकर प्रदेश परिवहन निगम ने अगले तीन दिन के दौरान दो हजार दो सौ पचास अतिरिक्त बसें चलाने की घोषणा की है। एक रिपोर्ट–

***परिवहन निगम ने यात्रियों को बेहतर और सुगम परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि प्रयागराज के विभिन्न अस्थाई बस स्टेशनों पर अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित होगी ताकि बसों का संचालन सुचारू रूप से हो सके परिवहन मंत्री ने नोडल अधिकारियों को महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। इस बीच, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन आज और कल बंद रहेगा। आदर्श के साथ अभिषेक कपील आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

प्रयागराज में बीती रात प्रयागराज–मिर्जापुर हाईवे पर मेजा रोड क्रॉसिंग के पास एक कार और तेज रफ्तार निजी बस की टक्कर में दस लोगों की मौत हो गई जबकि करीब उन्नीस लोग घायल हो गये। हमारे प्रयागराज प्रतिनिधि के अनुसार छत्तीसगढ़ के रहने वाले श्रद्धालु कार से महाकुंभ मेले में जा रहे थे। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरूण गाबा ने बताया कि घायलों को इलाज के लिये भर्ती करा दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उधर, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना को लेकर दुख प्रकट किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये बताया कि यह सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के रहने वाले थे। वहीं नेपाल के श्रद्धालुओं को प्रयागराज ले जा रही एक यात्री बस आज सुबह गाजीपुर के शहर कोतवाली क्षेत्र में मिरनापुर के निकट हाइवे पर असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में एक तीर्थयात्री की मौत हो गई, जबकि करीब चौबीस लोग घायल हो गये।

बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के गौर बभनान मार्ग पर गोपीनाथपुर चौराहे के निकट बीती रात हुयी एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना तब हुयी जब एक तेज रफ्तार कार ट्रॉली में पीछे से टकरा गयी।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गयी। दसवीं कक्षा की परीक्षाएं अठारह मार्च को और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं चार अप्रैल को समाप्त होंगी। यह परीक्षाएं एक ही सत्र में सुबह साढे दस बजे से दोपहर डेढ बजे तक आयोजित की जा रही है।

**********

परीक्षा पे चर्चा दो हजार पचीस की पांचवी कड़ी में विद्यार्थियों को मस्तिष्क के चमत्कार के बारे में बताया गया है। इस क्रम में प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता सद्‌गुरु ने सीखने को मनोरंजक बनाने और संतुलित, जीवंत मस्तिष्क विकसित करने के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की।

**********